हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, मंगलवार, 14 अक्तूबर 2025

# मेट्रो सिटी




# मनपा ने शुरू किया 'स्वच्छ दिवाली-शुभ दिवाली' अभियान

**नागपुर.**

महानगरपालिका (मनपा) ने 'स्वच्छ दिवाली – शुभ दिवाली' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत घर-घर से निरुपयोगी वस्तुओं के संकलन एवं स्वीकार केंद्रों का उद्घाटन मनपा मुख्यालय में आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने किया। अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत, अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी., मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेंद्र महल्ले सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। आयुक्त डॉ. चौधरी और अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों में पड़े पुराने कपड़े, अखबार, खिलौने, प्लास्टिक वस्तुएं और इलेक्ट्रॉनिक सामान नजदीकी संकलन केंद्रों पर जमा करें ताकि ये वस्तुएं जरूरतमंदों तक पहुंच सकें। शहर में बनाए गए 102 संकलन केंद्रों पर चार रंगों की कुंडियों में वस्तुओं का वर्गीकृत संकलन किया जा रहा है। इनमें पुराने कपड़े, अखबार, रद्दी पुस्तकें, प्लास्टिक और बच्चों के खिलौने शामिल हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल वस्तुओं का भी विशेष संग्रहण किया जा रहा है। उपयोगी सामग्री का पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा जबकि अनुपयोगी वस्तुओं को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया जाएगा। मनपा ने शहर के 10 जोनों में 102 से अधिक स्थानों पर यह सुविधा शुरू की है, जिनमें स्कूल, समाज भवन, लाइब्रेरी परिसर और सफाई कर्मचारियों के हाजिरी स्टैंड शामिल हैं। साथ ही, नागरिकों की सुविधा के लिए घर-घर जाकर भारी वस्तुओं जैसे फर्नीचर, सोफा आदि का भी संकलन किया जा रहा है। यह पहल शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पुनः उपयोग की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगी और दीपावली को वास्तव में 'स्वच्छ दिवाली – शुभ दिवाली' बनाएगी।

### घर-घर से निरुपयोगी वस्तुओं का संकलन शुरू




# अंतरराज्यीय कुख्यात चोर गिरफ्तार

### > 36 जगहों पर की थी चोरी, लग्जरी कार से करता था रेकी

**नागपुर.**



शहर के जरिपटका पुलिस की टीम न एक ऐसे कुख्यात चोर को गिरफ्तार किया है जो लग्जरी कार में घूमकर घरों की रेकी करता था और फिर सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देता था। आठ दिनों की लगातार खोजबीन के बाद पुलिस ने आरोपी को चोरी के माल समेत पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम संदीप खेमचंद टेंभरे (26), निवासी चिडियापलारी, मध्य प्रदेश है। पुलिस के अनुसार, संदीप ने अब तक मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में कुल 36 जगहों पर घरफोड़ियां की हैं और लाखों रुपये का सामान चुराया है। उसका साथी निसार नासिर शेख (23) बुटीबोरी निवासी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी महंगी कार से शहर में घूमकर रेकी करते थे और जब मौका मिलता, चोरी को अंजाम देते थे। जरिपटका पुलिस ने आरोपी के पास से 180 ग्राम सोना, 1580 ग्राम चांदी और 8 लाख 60 हजार रुपये नकद बरामद किये हैं। ताजा मामला दयालू सोसायटी की रोहिणी रमेश यादव के घर की चोरी से जुड़ा है, जहां 2 अक्टूबर को करीब 18 लाख 76 हजार रुपये मूल्य का माल चोरी हुआ था। इस मामले की जांच करते समय जरिपटका थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक आशीष मोरखडे और उनकी टीम ने 400 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी तक पहुंचे।

**पुलिस को गुमराह करने का किया प्रयास :** जांच में सामने आया कि चोरी से पहले दोनों चोरों ने यादव परिवार के घर पर दो दिन तक निगरानी रखी थी। घटना वाले दिन उन्होंने पहले अपनी क्रेटा कार को मेओ अस्पताल के सामने पार्क किया और फिर एक बाइक चोरी करके घटनास्थल तक पहुंचे। चोरी के बाद दोनों अलग-अलग इलाकों में घूमे ताकि पुलिस को भ्रमित कर सकें, और रात में मेयो क्षेत्र से अपनी कार लेकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों ने इसी मोडस ऑपरेंडी का उपयोग कर अब तक 36 से अधिक घरफोड़ियां की हैं। अब पुलिस है उसके फरार साथी की भी तलाश कर रही है।

# मध्य प्रदेश से शराब की तस्करी का पर्दाफाश

**नागपुर.**

राज्य उत्पादन शुल्क विभाग ने सोमवार को नागपुर के रामदासपेठ क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दूसरे राज्य से लाई गई शराब का बड़ा स्टॉक जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, एक शराब व्यापारी मध्य प्रदेश से सस्ती शराब लाकर महाराष्ट्र में ऊंचे दामों पर बेचने की कोशिश कर रहा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में शराब पर लगने वाला शुल्क महाराष्ट्र की तुलना में कम है। इसी का फायदा उठाते हुए कुछ व्यापारी इन राज्यों से सस्ती शराब मंगाकर महाराष्ट्र में अधिक दरों पर बिक्री कर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। इस कर चोरी की गुप्त जानकारी मिलने के बाद उत्पाद शुल्क विभाग के विशेष पथक ने रामदासपेठ स्थित शराब कारोबारी के ठिकाने पर छापा मारा। छापे में मध्य प्रदेश निर्मित शराब का बड़ा स्टॉक बरामद हुआ। विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह कारोबारी कर चोरी कर महाराष्ट्र में शराब बेचने का प्रयास कर रहा था। अधिकारियों को संदेह है कि इस अवैध तस्करी रैकेट में और भी कई व्यापारी शामिल हो सकते हैं। उत्पाद शुल्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कार्रवाई के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं और अब आगे की कड़ी जांच शुरू है। पथक संभावित बड़े शराब तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटा है। यह कार्रवाई राज्य उत्पादन शुल्क विभाग की विशेष टीम ने की, और विभागीय सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य संदिग्ध शराब विक्रेताओं पर भी छापेमारी की जा सकती है।

# अब महिला उम्मीदवारों में कड़ी टक्कर!

### > भीलगांव-रणाला-अजनी जिला परिषद सर्कल
### > सामान्य महिला आरक्षण से दिग्गजों के मंसूबों पर फिरा पानी

**नागपुर/कामठी. (सौमित्र नंदी)**

भीलगांव-रणाला-अजनी जिला परिषद सर्कल के सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित हो जाने से इस सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे कई दिग्गज पुरुष नेताओं की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। आरक्षण की घोषणा ने जहां एक ओर बड़े नेताओं के चुनावी समीकरण बिगाड़ दिए हैं, वहीं दूसरी ओर अब यह सर्कल महिला उम्मीदवारों के बीच एक दिलचस्प और कड़ी टक्कर का अखाड़ा बन गया है। मिली जानकारी के अनुसार, इस सर्कल में अलग-अलग गांवों और राजनीतिक दलों से कई मजबूत महिला उम्मीदवार दावेदारी पेश करने में आगे चल रही हैं।



प्रमुख दावेदारो में रणोला गांव से: पूर्व ज़िला परिषद सदस्य कुंदा देवराव आमधरे, रणाला ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच स्वर्णा प्रशांत साबरे, उपसरपंच अंकिता कोविद तलेकर, प्री स्कूल डायरेक्टर स्वाति पंकज साबरे, भीलगांव से: भाजपा ज़िला महिला संपर्क प्रमुख लतेश्वरी ब्रह्मा काले और भीलगांव ग्राम पंचायत सरपंच भावना चंद्रकांत फलके, खैरी गांव से: ग्राम पंचायत सरपंच योगिता किशोर धांडे, अजनी गांव से माया मोती इंगोले ये सभी महिला उम्मीदवार अपनी-अपनी पार्टियों के समर्थन और स्थानीय प्रभाव के दम पर जिला परिषद की कुर्सी तक पहुंचने के लिए जोर-आजमाइश कर रही हैं।

**दावेदारी की जंग :** राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सभी पार्टियों के स्थानीय नेतृत्व को अब पुरुष नेताओं के बजाय इन सशक्त महिला चेहरों पर दांव लगाना होगा। रणाला, भीलगांव और खैरी गांवों की इन उम्मीदवारों में से हर कोई अपने सामाजिक और राजनीतिक आधार को मजबूत करने में लगी हुई है। देखना यह होगा कि पार्टी का टिकट किसे मिलता है और जनता का आशीर्वाद कौन प्राप्त करता है। इस चुनावी मुकाबले में कौन बाजी मारकर जिला परिषद की प्रतिष्ठित कुर्सी पर आसीन होता है, यह जानने के लिए सभी की निगाहें भीलगांव-रणाला-अजनी सर्कल के आगामी चुनाव परिणामों पर टिकी हैं।

# दामाद ने ससुर पर किया जानलेवा हमला

### > खापरखेड़ा थाने में मामला हुआ दर्ज

**नागपुर.**

नागपुर जिले के खापरखेड़ा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते हुए एक गंभीर घटना सामने आई है। नविन नांदा वार्ड क्रमांक 5, निंबोने, सावनेर निवासी 57 वर्षीय रंगराव भिमाजी वाकड़े पर उनके ही दामाद के पिता ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, फिर्यादी रंगराव वाकड़े अपनी बेटी अश्विनी से मिलने के लिए आरोपी पुरुषोत्तम तिलीखेड़े के घर गए थे। अश्विनी का विवाह लगभग चार महीने पहले आरोपी के पुत्र रजत तिलीखेड़े से हुआ था। जब रंगराव अपनी बेटी से मिलने पहुंचे, तो आरोपी पुरुषोत्तम ने नाराजगी जताते हुए कहा 'तुम मेरे घर क्यों आए? तुम्हारा हमारे घर या मेरी बहू से कोई संबंध नहीं है' ऐसा कहकर किसी भारी वस्तु से रंगराव वाकड़े के सिर पर प्रहार कर दिया। घायल रंगराव वाकड़े को प्राथमिक उपचार के लिए चिचोली स्थित प्राथमिक आरोग्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनके सिर पर चोट के निशान पाए हैं। इस घटना के बाद रंगराव वाकड़े ने खापरखेडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पुरुषोत्तम तिलीखेड़े के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना 12 अक्टूबर की दोपहर 2:00 से 2:30 बजे के बीच नविन नांदा वार्ड नं. 5, निंबोने में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला पारिवारिक मतभेद से जुड़ा है जिसमे आगे की जांच की जा रही है।

# एनसीपी ने लगाया 200 फर्जी मतदाता होने का आरोप

### विधायक समीर मेघे ने किया खारिज

**नागपुर.**

एनसीपी शरद पवार गुट ने वानडोंगरी की मतदाता सूची में 200 से अधिक फर्जी मतदाताओं के शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व जिला परिषद सदस्य और एनसीपी नेता दिनेश बंग ने बताया कि राजीवनगर प्रभाग क्रमांक 5 के एक ही घर नंबर 1 पर 200 से ज्यादा मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज हैं, जिससे फर्जी वोटरों की आशंका जताई जा रही है। बंग ने स्थानीय निकाय चुनाव के लिए जारी मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी और बोगस नामों को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही, प्रभाग की स्लम बस्ती में सत्ताधारी पार्टी से जुड़े परिवार के 27 सदस्यों के नाम जोड़ने का भी आरोप लगाया गया है। इस आरोप पर सत्ताधारी दल के विधायक समीर मेघे ने जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने एनसीपी के आरोपों को निराधार और चुनावी रणनीति के तहत 'फेक नैरेटिव' करार दिया। मेघे ने कहा कि विपक्ष आगामी निकाय चुनाव में हार के भय से जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन 200 नामों पर सवाल उठाए गए हैं, उनमें दो बीएलओ और एक पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य भी शामिल हैं।



मेघे ने वानडोंगरी में अपने परिवार के सदस्यों के मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, 'मेरे परिवार के लोग पिछले 20-25 साल से इसी क्षेत्र में रह रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची में होना स्वाभाविक है। यदि वे मेरे परिवार पर आरोप लगा रहे हैं, तो उन्हें यह भी देखना चाहिए कि बंग और घोड़मारे परिवार के 20 से अधिक नाम भी सूची में हैं, जबकि वे यहां रहते ही नहीं।' यह मामला आगामी स्थानीय चुनाव से पहले सियासी तनाव को बढ़ावा दे रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस विवाद पर क्या कार्रवाई करता है।

# विदर्भ में ठंड की दस्तक: नागपुर में 22 डिग्री, वाशिम सबसे ठंडा जिला


### > आने वाले दिनों में और गिरेगा तापमान, मौसम विभाग की चेतावनी

**नागपुर.**

उपराजधानी नागपुर सहित संपूर्ण विदर्भ में ठंड ने धीरे-धीरे दस्तक देना शुरू कर दिया है। जहां दिन में हल्की गर्मी महसूस की जा रही है, वहीं रात और सुबह के समय लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है।

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को नागपुर का न्यूनतम तापमान गिरकर 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक रहा।

**वाशिम रहा सबसे ठंडा जिला :** मौसम विभाग द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, वाशिम जिले का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री कम रहा। इसके बाद बुलढाणा (18.2°C), अमरावती (18.3°C) और यवतमाल (18.4°C) जिलों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे इन क्षेत्रों में भी ठंड का असर महसूस किया गया।



**नागपुर में दिन गर्म, रातें ठंडी :** हालांकि नागपुर में दिन के समय अभी भी गर्मी का असर देखा जा रहा है, लेकिन सुबह और रात के वक्त ठंड ने दस्तक दे दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह मौसमी बदलाव हिमालय से आने वाली हवाओं के प्रभाव के चलते हो रहा है, जिनमें अब हल्की नमी पाई जा रही है।

**ठंड बढ़ने के आसार :** मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में विदर्भ के तापमान में और गिरावट आ सकती है। हवाओं की गति जैसे-जैसे बढ़ेगी, ठंड और अधिक महसूस होगी। विभाग ने यह भी बताया कि अभी ठंड की शुरुआत हल्की है, लेकिन अक्टूबर के अंत तक शीतलहर जैसी स्थिति बनने की संभावनाएं हैं।

नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे सुबह-शाम गर्म कपड़ों का उपयोग शुरू करें और बदलते मौसम से बचाव के लिए सतर्क रहें।

# कारखाने में सीलिंग गिरने से तीन मजदूर घायल

### > एक महिला समेत सभी अस्पताल में भर्ती

**नागपुर.**

एमआयडीसी औद्योगिक क्षेत्र स्थित जेएमडी इंडस्ट्रीज के एक कारखाने में सोमवार सुबह कंक्रीट की सीलिंग अचानक गिर जाने से तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 10:30 बजे निलडोह स्थित कंपनी (प्लॉट क्रमांक एस-22) में घटी, जब मजदूर कारखाने के अंदर माल शिफ्टिंग का काम कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, कारखाने के शेड के अंदर माल रखने के लिए बना एक पुराना कंक्रीट का प्लेटफॉर्म अचानक टूटकर नीचे गिर गया। इसके साथ ही वहां रखे लोहे के सामान के बक्से भी मजदूरों के ऊपर आ गिरे, जिससे वे मलबे में दब गए। साथी मजदूरों ने तुरंत उन्हें मलबे से निकालकर लता मंगेशकर अस्पताल, डिंगडोह में भर्ती कराया। घायल मजदूरों के नाम संगीता मानकर (निलडोह), प्रमोद गेडाम (निलडोह), और अमोल इथारे (निलडोह) बताई जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही एमआयडीसी पुलिस थाना प्रभारी गोकुल महाजन ने पीएसआई अक्षय गावंडे को अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर भेजा। पुलिस टीम ने अस्पताल में जाकर घायल मजदूरों का हाल जाना और मेडिकल रिपोर्ट ली। पुलिस के मुताबिक, सभी तीनों मजदूरों की हालत अब स्थिर है। पुलिस ने इस घटना की एफआईआर दर्ज कर ली है और कारखाना प्रबंधन से जवाब-तलब किया है। यह पूछताछ की जा रही है कि इतना पुराना और जर्जर ढाँचा अभी तक क्यों खड़ा था और सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं किया गया। आगे की कार्रवाई जांच के बाद ही की जाएगी।



# कलमना पुलिस ने 8 चोरी के मामलों का किया खुलासा

### आरोपी शेख आरिफ गिरफ्तार

**नागपुर.**

कलमना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर में लगातार हो रही घरफोड़ियों का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने शेख आरिफ शेख शाकिर (27), निवासी तोहीद नगर, बड़ा ताजबाग, नागपुर को गिरफ्तार कर 8 चोरी के मामलों का खुलासा किया है।

आरोपी के पास से करीब 2.25 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और दो मोपेड वाहन जब्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 25 जनवरी 2025 को कलमना क्षेत्र के शिरके नगर, गुलशन नगर इलाके में हरीश भूषण बोकडे के घर में दिनदहाड़े चोरी हुई थी। अज्ञात आरोपी ने घर का ताला तोड़कर लगभग 2.79 लाख के सोने-चांदी के गहने चुरा लिए थे। शिकायत दर्ज होते ही कलमना पुलिस ने जांच शुरू की। तांत्रिक जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस को आरोपी के बारे में पुख्ता जानकारी मिली।




जांच के बाद पुलिस ने शेख आरिफ को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने न केवल इस चोरी की वारदात स्वीकार की, बल्कि कलमना, यशोधरानगर, अजनी, वाठोड़ा, हुडकेश्वर और जरीपटका थाना क्षेत्रों में की गई कुल 8 चोरी की घटनाओं का खुलासा भी किया। आरोपी ने बताया कि उसे एम.डी की लत है और अपनी गर्भवती पत्नी के इलाज व खर्च के लिए वह चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के सीसीटीवी फुटेज कई जगहों पर मिले थे। इसके अलावा उसकी इंस्टाग्राम आईडी के जरिए भी पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस की और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी का साथी अमोल चाफेकर को कुछ दिन पहले ही क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़ा था।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल, सह पोलीस आयुक्त नविनचंद्र रेड्डी, अपर पोलीस आयुक्त शिवाजीराव राठोड़, उप पोलीस आयुक्त निकेतन कदम और सहा. पोलीस आयुक्त श्वेता खाडे के मार्गदर्शन में की गई।

इस ऑपरेशन में वपोनि प्रविण काले, सपोनि शशिकांत मुसले, सफौ. बाला साकोरे, पोहवा प्रमोद कंगाले, विशाल भैसारे, पोअं. नितीन मिश्रा, ललित शेंडे, वसीम देसाई, अविनाश ग्वालवंशी और अजय गटलेवार की विशेष भूमिका रही। पुलिस आगे की जांच में आरोपी से अन्य चोरी के मामलों की जानकारी जुटा रही है।

# 300 रुपये की उधारी के लिए दोस्त पर जानलेवा हमला!

**नागपुर.** उधारी के महज 300 रुपये न लौटाने पर एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। यह चौंकाने वाली घटना नागपुर के सिम टाकली इलाके में बौद्ध विहार के पास स्थित एक दुकान के पास घटी। घायल युवक का नाम दीपक पांडुरंग पखिर्डे (48) बताया गया है, जबकि हमला करने वाला आरोपी उसका ही मित्र मोहन पाटिल (40) है। एम.आई.डी.सी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले मोहन ने दीपक को 300 रुपये उधार दिये थे। कई बार मांगने के बावजूद दीपक ने पैसे नहीं लौटाए, जिससे मोहन नाराज़ था। सोमवार शाम करीब 4 बजे, दोनों के बीच पैसे को लेकर बहस शुरू हुई।



# आदिवासियों का अधिकारों के लिए संघर्ष

## > 11 मांगों को लेकर विशाल मोर्चा
## > जय सेवा के जयघोष से गूंज उठा चंद्रपुर

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर की सड़कों पर हज़ारों आदिवासी भाई-बहनों ने अन्य समुदायों द्वारा आदिवासी आरक्षण पर अतिक्रमण रोकने और 11 अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जय सेवा जय गोंडवाना जैसे नारे लगाते हुए वे शहर से बाहर निकले।

अंचलेश्वर गेट क्षेत्र में कोनेरी झील पर सुबह से ही बड़ी संख्या में एकत्रित हुए आदिवासी समुदाय ने आरक्षण की रक्षा के लिए दोपहर एक बजे के बाद जिला कलेक्टर कार्यालय पर विरोध मार्च निकाला। समुदाय ने आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को पट्टे पर देने का भी कड़ा विरोध किया। मोर्चा का नेतृत्व संयुक्त आदिवासी कार्रवाई समिति और विभिन्न आदिवासी संगठनों ने किया। बंजारा और धांगर समुदायों द्वारा हैदराबाद राजपत्र के आधार पर समुदाय के आरक्षण का दावा किया जा रहा है। आदिवासी




कार्रवाई समिति ने आरोप लगाया कि इन दोनों समुदायों के पास अलग-अलग आरक्षण हैं, लेकिन वे उन्हें आदिवासी समुदाय में शामिल करके आरक्षण प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। समिति का कहना है कि बंजारा और धांगर समुदाय आदिवासियों के मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं और उन्हें आदिवासी आरक्षण में शामिल करना भारतीय संविधान के खिलाफ है। जंगोम महामोर्चा के जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद एक बैठक हुई। बैठक में आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर विनय गौड़ा को मांगों का एक ज्ञापन सौंपा।

**ये हैं 11 मांगें..**

बंजारा और धनगर जातियों को 1950 की अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल न किया जाए, आदिवासियों की कृषि भूमि पट्टे पर न ली जाए, महाराष्ट्र आदिवासी भूमि हस्तांतरण रोकथाम अधिनियम में कोई बदलाव न किया जाए, हैदराबाद राजपत्र में उल्लिखित जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा न दिया जाए, गैर आदिवासियों के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय के 7 जुलाई 2017 के आदेश और अनुच्छेद 5-6 को लागू किया जाए, जाति सत्यापन समिति के पास लंबित 12,500 रिक्तियों और कुल 8,500 रिक्तियों को भरा जाए, बिंदु सूची में आदिवासी छात्रों के साथ हुए अन्याय के कारण 27 फरवरी 2024 के सरकारी निर्णय में संशोधन किया जाए, आदिवासी विकास निधि को अन्यत्र न भेजा जाए, आश्रम विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती की जाए, सरकारी सेवाओं में फर्जी आदिवासियों को बर्खास्त किया जाए और वास्तविक आदिवासियों की भर्ती की जाए, 17 राज्यों में पेसा के तहत नौकरियों की भर्ती में स्थायी नियुक्तियां की जाएं। कैडरों आदि की मांगों को जिला कलेक्टर विनय गौड़ा को सौंपा गया।

### प्रेम प्रसंग में उलझे छात्र ने की आत्महत्या

नागपुर. कृषि महाविद्यालय के छात्रावास में रहने वाले एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। मामले की जांच में खुलासा हुआ कि छात्र का एक युवती से प्रेम संबंध था और उसने शादी का दबाव बनाया, जिसके चलते छात्र ने जान दे दी। पुलिस ने युवती के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। घटना बजाज नगर थाना क्षेत्र के कृषि महाविद्यालय के छात्रावास के कमरा नंबर 11 की है। यहां 1 अक्टूबर की रात ईश्वरलाल चौधरी (उम्र 21 वर्ष) ने सीलिंग फैन से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ईश्वरलाल राजस्थान के बाड़मेर जिले का रहने वाला था और बीएससी एग्रीकल्चर का छात्र था। मृतक के कमरे से मिले सुसाइड नोट और पुलिस जांच में पता चला कि ईश्वरलाल का पिछले दो साल से एक 21 वर्षीय युवती के साथ प्रेम संबंध था। जांच में यह भी सामने आया कि ईश्वरलाल पहले से शादीशुदा था और उसका एक डेढ़ साल का बच्चा भी है,

# न्यायमूर्ति भूषण गवई पर 'कथित हमले' के विरोध में निकला शांति मार्च

**कामठी.**

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण जी गवई पर "मनुवादी व्यवस्था" द्वारा किए गए कथित 'कायराना हमले' के विरोध में कामठी शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं ने एक शांति मार्च निकालकर न्यायपालिका की गरिमा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। यह विरोध प्रदर्शन जय स्तंभ चौक पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ।

शांति और संवैधानिक तरीके से निकाला गया यह मार्च जय स्तंभ चौक से तहसील कार्यालय तक पहुंचा, जहाँ इसका नेतृत्व समता सैनिक दल और भारतीय बौद्ध महासभा जैसे प्रमुख संगठनों ने किया। प्रदर्शन के समापन पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर घटना की निंदा की गई और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया गया।




इस महत्वपूर्ण शांति मार्च में वीरेंद्र अंकुश मेश्राम, ओमप्रकाश मेंढे, प्रवीण टेंभुरने, यश खडसे, साहिल बागड़े, प्रशांत साखरे, प्रशिक मेंढे, सार्थक कठाने, श्रेयस टेंभुरने, नीरज लोणारे, डॉ. अभिषेक चिमणकर, प्रमोद खोब्रागड़े, सुधीर शंभरकर, प्रदीप वासनिक, प्रमोद वर्णम, विकास रंगारी, प्रदीप फुलझले, उदास बंसोड, विनोद आवले, कोमल लेंढारे, विदेश राधेश्याम डोंगरे, संघदीप शंकर बेलेकर, आरजू यादवराव कांबले, राजेश चंद्रभान गजभिए, अमन लोणारे, सुधा रंगारी, अनिरुद्ध तांबे और अमित ऊके, राकेश पाटील सहित कई गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजूद रहे।

मोर्चे के दौरान वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े के मार्गदर्शन में पुलिस बंदोबस्त सराहनीय रहा, वहीं यातायात पुलिस निरीक्षक सुनंदा देशमुख और उपनिरीक्षक प्रमोद ठाकुर के देखरेख में यातायात व्यवस्था भी सुचारु और व्यवस्थित बनी रही।

# संघ का शताब्दीपूर्व विजयादशमी उत्सव संपन्न

## > देशभक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम

**कोंढाली.**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कोंढाली खंड द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव 2025 रविवार को अपार उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। रामकुंज, देशमुख लेआउट मैदान में आयोजित इस समारोह ने संघशक्ति, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों का अनोखा संगम प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य सुधीर बुटे (लखोटिया-भुतडा महाविद्यालय, कोंढाली) और मुख्य वक्ता रमेश मंडाळे (गोसेवा सह संयोजक, विदर्भ प्रांत) रहे।

सायंकाल 4.30 बजे रामकुंज मैदान से प्रारंभ हुआ भव्य पथसंचलन नगर की प्रमुख सड़कों से होकर गुजरा। भगवा ध्वज के सान्निध्य में गणवेशधारी स्वयंसेवकों के कदमों और घोषवाक्यों से वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

मुख्य समारोह का शुभारंभ सायंकाल 6 बजे हुआ। खंड संघचालक शांताराम काळबांडे ने स्वागत भाषण में कहा, "संघ कार्य केवल शाखा तक सीमित नहीं, यह व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का अखंड प्रवास है। शताब्दी वर्ष प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए प्रेरणा का स्रोत है।" मुख्य वक्ता रमेश मंडाळे ने कहा, "विश्वशांति का आधार संस्कारित नागरिकों का निर्माण है। गोसेवा, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और परिवार प्रबोधन जैसे विविध प्रकल्पों के माध्यम से संघ समाजजागरण का कार्य कर रहा है।"

मुख्य अतिथि सुधीर बुटे ने कहा, "शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम और चारित्र्य निर्माण का साधन भी है। प्रत्येक विद्यार्थी में सामाजिक संवेदना जागृत होना ही सच्चा शिक्षण है।"

**संघ अनुशासन का सजीव प्रदर्शन :** बाल और तरुण स्वयंसेवकों




ने देशभक्ति गीत, योगासन प्रात्यक्षिक और लाठी-काठी संचलन के माध्यम से संघशक्ति का जीवंत प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत नाटिकाओं, गीतों और घोषवाक्यों से वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

उपस्थित नागरिकों ने आयोजन की शिस्त, समयपालन और संचालन कौशल की खुले दिल से प्रशंसा की। इस अवसर पर कोंढाली खंड एवं मंडल के अनेक पदाधिकारी, स्वयंसेवक, नगरवासी तथा महिला मंडल प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया — "संघ कार्य ही राष्ट्र निर्माण का प्राण है।"

# पोरवाल कॉलेज इतिहास विभाग का पुरातत्वीय संग्रहालय में शैक्षणिक भ्रमण

**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, महात्मा ज्योतिबा फुले शैक्षणिक परिसर, नागपुर, विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित 'राय बहादुर डॉ. हीरालाल पुरातत्व संग्रहालय' का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत दिए गए पाठ्यक्रम की क्षेत्रीय परियोजनाओं और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि करना था, जैसा कि संयोजक एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने बताया।




पुरातत्व विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. एकता धारकर ने विद्यार्थियों को विदर्भ के महापाषाण स्थल से प्राप्त विभिन्न पुरावशेषों, प्राचीन बर्तनों, सिक्कों, मिट्टी के बर्तनों, पत्थर की मूर्तियों और पाषाण युग के हथियारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस शैक्षणिक भेंट के दौरान, प्रा. भा. इ. सं. व पुरातत्व विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभास साहू ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें विभाग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, उनका संदेश था कि "अतीत से वर्तमान और उनका अध्ययन ही भविष्य है"।

इस उपयोगी भ्रमण में उपप्राचार्य डॉ. रेणु तिवारी, विद्यार्थी विकास विभाग के डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद शेंडे, डॉ. निशिता अंबादे और डॉ. महेश जोगी सहित कुल 25 विद्यार्थी शामिल हुए। शैक्षणिक भेट को सफल बनाने में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. स्वप्निल दाहात, उप-प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, इतिहास अध्ययन मंडल के सलाहकार डॉ. जयंत रामटेके, आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. प्रशांत धोंगले और पुरातत्व विभाग के प्रो. अमर बारसागड़े का विशेष योगदान रहा।


# ग्रामपंचायत चिचोली की पहल: ग्रीन जिम और बाल उद्यान का लोकार्पण 14 अक्टूबर को

**खापरखेड़ा .**

ग्रामपंचायत चिचोली (खापरखेड़ा) की ओर से ग्रामीणों के स्वास्थ्यपूर्ण जीवन और बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से निर्मित ग्रीन जिम एवं बाल उद्यान का लोकार्पण समारोह दिनांक 14 अक्टूबर 2025, मंगलवार को शाम 5 बजे को कोराडी रोड, खापरखेडा में आयोजित किया जाएगा।

यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक नई दिशा लेकर आएगी, जिससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिलेगा।

ग्रामपंचायत चिचोली ने पिछले कुछ महीनों से इस परियोजना पर कार्य किया है। ग्रीन जिम खासतौर



पर युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आधुनिक व्यायाम सुविधाओं से लैस है। वहीं, इसके पास ही बाल उद्यान में रंग-बिरंगे झूले, स्लाइड, सी-सॉ और घुमाने वाले झूले लगाए गए हैं, ताकि बच्चे सुरक्षित और मनोरंजक वातावरण में खेल सकें।

ग्रामपंचायत की ओर से सभी ग्रामवासियों, समाजसेवियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों और विद्यार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे समारोह में उपस्थित होकर इसकी शोभा बढ़ाएं।

# सोयाबीन संग्रहण केंद्र शुरू करने की मांग तेज़

**मोझरी (शे).**

सालाबाद की तरह इस वर्ष भी सरकार संकटग्रस्त किसानों को सहारा देने के लिए पीला सोना (सोयाबीन) खरीदने की व्यवस्था कर रही है। शुक्रवार को जिला विपणन अधिकारी की अध्यक्षता में दूसरी बैठक हुई, जिसमें खरीद प्रक्रिया और तैयारी पर चर्चा की गई।

हालांकि, भारी बारिश के कारण इस साल वर्धा जिले सहित पूरे विदर्भ क्षेत्र में सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार फसल पर मोझेक और चारकोल का असर दिखाई दिया है, जिसके कारण पेड़ों से अपेक्षित उपज में भारी कमी आई है। जिन पेड़ों से सौ फलियाँ निकलने की उम्मीद थी, उनमें अब केवल 10-12 फलियाँ ही दिख रही हैं, जिनमें से 30 प्रतिशत सड़ चुकी हैं।

सरकार ने सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है, लेकिन किसानों का कहना है कि मौजूदा परिस्थितियों में यह पर्याप्त नहीं है। किसान मांग कर रहे हैं कि खराब फसल की पृष्ठभूमि में सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य कम से कम 1,000 रुपये बढ़ाए।

वर्तमान में जिले की सभी आठ बाजार समितियाँ और खवियों के प्रतिनिधि सोयाबीन खरीदने की तैयारी में हैं। बावजूद इसके, किसानों में अपना नाम दर्ज कराने को लेकर हिचकिचाहट देखने को मिल रही है। जिले में इस वर्ष 26,000 एकड़ में सोयाबीन बोया गया है, लेकिन कटाई अभी शुरू नहीं हुई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि नकद भुगतान दिवाली तक किसानों के हाथ में नहीं आ पाएगा, जिससे इस साल उनकी दिवाली फीकी पड़ने की संभावना बढ़ गई है।

# भाजयुमो उमरेड शहर की विस्तारित कार्यकारिणी का पदग्रहण समारोह संपन्न




**उमरेड.**

स्थानीय शेतकरी भवन कृषि उत्पन्न बाजार समिति, उमरेड में भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकारिणी और पदग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन खडसे, महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजुजी पारवे, पूर्व विधायक सुधीरजी पारवे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शिरीष मेश्राम, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मुकेश मुदगल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

समारोह में कुल 150 से अधिक पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रचार प्रमुख और युवती प्रमुख जैसे विभिन्न पदों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में प्रतीक बेगानी, स्वप्नील फटींग, दुर्गेश नेरीकर, सौरभ दहाघाने, संकेत अहेरराव, अर्पित मंदिरकर, सुरज ठाकूर, अमोल डांगरे, राजन हातागडे, स्वप्नील मरसकोल्हे, युवती प्रमुख अपूर्वा बेले, साक्षी दहाघाणे, हिमांशू बहादूरे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष भाविन अनिलजी उन्नरकर ने की, संचालन अविनाश बालपांडे और विशाल बेले ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आकाश इनकने ने किया।

समारोह की सफलता में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# मामूली विवाद में चचेरे भाई ने भाई पर किया हमला

## > इलाज के दौरान युवक की मौत

**पारशिवनी.**



पारशिवनी पुलिस सीमा के करंभाड गांव में मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जब चचेरे भाई ने अपने ही भाई पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक प्रशांत उर्फ गोलू राजकुमार लोहकरे (उम्र 30) की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम को प्रशांत और उसका चचेरा भाई विनोद पांडुरंग लोहकरे (उम्र 50) के बीच मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई। इसी विवाद के दौरान आरोपी विनोद ने किसी अज्ञात हथियार से प्रशांत के सिर पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल हालत में प्रशांत को पहले स्थानीय ग्रामीण अस्पताल लाया गया और उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत नागपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पारशिवनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धाराओं 109(1), 351(3), 101(1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार थोरात के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी रामराव पवार मामले की जांच कर रहे हैं। न्यायालय ने आरोपी विनोद पांडुरंग लोहकरे को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है और आगे की जांच जारी है।

# कृषि विभाग की ओर से ड्रोन खरीद पर अनुदान...

**गढ़चिरोली.**

खेती में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाकर उत्पादकता में वृद्धि करना और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना — इन दोहरे उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए जिला परिषद गढ़चिरोली ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। केंद्र सरकार की 'नमो ड्रोन दीदी' योजना के अनुरूप तथा राज्य कृषि विभाग के कृषि यंत्रीकरण उप-अभियान के अंतर्गत जिले के महिला बचत समूहों, किसान समूहों और किसान उत्पादक कंपनियों (FPOs) को खेती के लिए ड्रोन खरीदने हेतु आर्थिक अनुदान प्रदान किया जाएगा।

**योजना की विशेषताएँ और उद्देश्यः** महिला बचत समूहों को ड्रोन तकनीक से सुसज्जित कर उन्हें अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराना। इससे ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

ड्रोन की सहायता से खेतों में नैनो यूरिया, डीएपी तथा कीटनाशकों का सटीक और प्रभावी छिड़काव किया जा सकेगा। इससे समय, श्रम और लागत — तीनों की बचत होगी।

# एसबीआई खापरखेड़ा शाखा के कर्मचारियों के मनमाने व्यवहार पर नाराज़गी

## > व्यवहार में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी - राहुल तिवारी

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (एस.बी.आई.) शाखा के कुछ कर्मचारियों द्वारा ग्रामीण खाताधारकों के साथ गलत और असभ्य व्यवहार किए जाने पर पंचायत समिति सावनेर के पूर्व उपसभापति राहुल तिवारी ने कड़ी नाराज़गी जताई है।

तिवारी ने शाखा प्रबंधक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि पिछले कुछ महीनों से ग्रामीण खाताधारकों से कई शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया, "बैंक के कुछ कर्मचारी ग्राहकों से अभद्र और गैरजिम्मेदाराना व्यवहार करते हैं। खासकर उन खातों में जिनमें कम राशि होती है या जो लोग केवल



थोड़ी रकम जमा या निकालने आते हैं, उन्हें 'आप सबब्रांच में जाएं, यहाँ काम नहीं होगा' कहकर लौटाया जाता है।"

तिवारी ने यह भी बताया कि पासबुक प्रिंट कराने के लिए ग्राहकों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा, बैंक की इमारत पहली मंज़िल पर होने के कारण बुजुर्ग और दिव्यांग खाताधारकों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

उन्होंने बैंक प्रशासन से आग्रह किया कि इन सभी शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। तिवारी ने चेतावनी दी, "अगर शाखा के कर्मचारियों के रवैये में सुधार नहीं हुआ, तो मैं स्वयं खाताधारकों के साथ शाखा के बाहर आंदोलन करूँगा। यह मामला ज़ोनल कार्यालय तक पहुँचाया जाएगा।"

स्थानीय प्रशासन से उन्होंने इस मामले की जाँच कर उचित कार्रवाई कर खाताधारकों को न्याय दिलाने की भी माँग की है।

# 'दीवाली फराल महोत्सव एवं बिक्री'

## > जिला परिषद गढ़चिरोली और 'उमेद – महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका अभियान' का संयुक्त उपक्रम

**गढ़चिरोली.**

जिला परिषद गढ़चिरोली तथा उमेद – महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका अभियान के संयुक्त उपक्रमांतर्गत "दीवाली फराल महोत्सव एवं बिक्री" का आयोजन 13 से 21 अक्टूबर 2025 के बीच जिला परिषद प्रांगण में किया जा रहा है।

इस महोत्सव में गढ़चिरोली जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक और स्वादिष्ट फराल (त्योहारीन स्नैक्स), आकर्षक दीये, हार-फूल, सजावटी वस्तुएं, हस्तकला उत्पाद तथा अन्य गृह उपयोगी वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी।

जिला परिषद प्रांगण, पंचायत समिति परिसर और प्रमुख गांवों के महत्वपूर्ण स्थलों पर जिलेभर में कुल 120 स्टॉल्स लगाए जाएंगे। इस माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्राप्त होगा, जिससे महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार पारंपरिक खाद्य पदार्थों में शेव, चिवड़ा, चकली, तिल चकली, लड्डू, बालूशाही, शंकरपाळे, पापड़, अचार, मसाले और हस्तनिर्मित वस्तुएं शामिल होंगी। साथ ही, दीवाली के अवसर पर मिट्टी के,




फूलों के और रंगीन दीये व सजावटी वस्तुएं भी बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी।

इस पहल के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की उत्पादकता को बढ़ावा मिलेगा और उनके व्यवसायिक विकास को गति मिलेगी। नागरिकों से अपील की जाती है कि वे बड़ी संख्या में इस महोत्सव में शामिल होकर फराल व वस्तुएं खरीदें और ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहित करें, ऐसा आवाहन जिला परिषद की ओर से किया गया है।

**'दीवाली फराल और वस्तुएं खरीदकर ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहन दें':** गढ़चिरोली जिले के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट पदार्थ और आकर्षक वस्तुएं 13 से 21 अक्टूबर 2025 के दौरान जिला परिषद प्रांगण, पंचायत समिति परिसर और प्रमुख गांवों के स्टॉल्स पर उपलब्ध रहेंगी।

नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस पहल में सहभागी बनें और महिलाओं की उद्यमशीलता को प्रोत्साहन दें, ऐसा आवाहन श्री सुहास गाडे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद गढ़चिरोली ने किया है।

### विधवा महिला से 7 लाख की ठगी

#### > डॉक्टर, उसकी मां समेत तीन पर मामला दर्ज

नागपुर. विधवा महिला को झांसा देकर 7 लाख रुपये की ठगी करने वाले चिकित्सक और उसकी मां सहित तीन लोगों के खिलाफ बजाज नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपी का नाम डॉ. कल्पेश वंजारी (40) बताया गया है, जबकि उसकी मां और सहयोगी सेजल पांडे (35) निवासी भोपाल हैं। पुलिस के अनुसार, 62 वर्षीय विधवा महिला के पति की मृत्यु के बाद वह उनकी पेंशन प्राप्त करने की प्रक्रिया में थी। इसी दौरान उसकी फेसबुक पर डॉ. वंजारी से पहचान हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत और चैटिंग शुरू हो गई। 3 अप्रैल को वंजारी ने महिला को व्हाट्सएप और वीडियो कॉल किया। उसने बताया कि उसके बेटे का एक्सीडेंट हुआ है, जिसमें एक लड़की की मौत हो गई है, जबकि दूसरी लड़की अस्पताल में भर्ती है और इलाज के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। महिला ने डॉक्टर की बातों पर भरोसा कर पहले 5 लाख रुपये और बाद में 2 लाख रुपये आरोपी को ट्रांसफर किए।

# फडणवीस पैकेज के खिलाफ किसान संघटन का होली आंदोलन 16 को

**वर्धा.**

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्रियों द्वारा अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के लिए घोषित 31,628 करोड़ रुपये के पैकेज को किसान संघटन ने आंकड़ों में हेराफेरी करार दिया है। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में प्रति हेक्टेयर कम सहायता देने के इस कदम से उनके जख्मों पर नमक छिड़का गया है।

किसान संघटन ने सरकार पर आरोप लगाया है कि आयात शुल्क रद्द करना, निर्यात पर प्रतिबंध लगाना, निर्यात शुल्क बढ़ाना और वायदा बाजार में कृषि वस्तुओं के लेन-देन पर रोक लगाना जैसी नीतियों के कारण देश के बाजार में कृषि वस्तुओं की कीमतें गिरकर किसान आर्थिक रूप से कमजोर हुए हैं।

किसान संघ की नेता और पूर्व विधायक सरोज काशीकर, स्वतंत्र भारत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन हरणे, महिला आघाड़ी की प्रदेश प्रभारी शैला देशपांडे, किसान संघ के जिला प्रमुख उल्हास कोटंबकर और युवा आघाड़ी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश दाणी ने किसानों से अपील की है कि वे 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर 1 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने होने वाले आंदोलन में बड़ी संख्या में भाग लें।

किसान संघ का कहना है कि पिछले साल शुष्क भूमि की फसलों के लिए 13,600 रुपये और सिंचित फसलों के लिए 36,000 रुपये प्रति हेक्टेयर दिए गए थे, जबकि इस वर्ष पैकेज में शुष्क भूमि की फसलों के लिए राशि घटाकर 8,500 रुपये और सिंचित फसलों के लिए 32,500 रुपये कर दी गई है। वहीं, केंद्र सरकार ने तुअर, चना और कपास की कीमतें भी घटाई हैं। किसान संघटन ने कहा कि इस पैकेज में बिजली बिल माफी और रोजगार गारंटी योजना की राशि को शामिल कर कुल आंकड़ा बढ़ाया गया है, जबकि किसानों को वास्तविक मदद बहुत कम दी जा रही है। उन्होंने सरकार से तत्काल 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता की घोषणा करने की मांग की है और किसानों से सड़कों पर उतरकर इस अन्याय के खिलाफ विरोध करने का आग्रह किया है।



नीरी नागपुर में 84वें स्थापना दिवस के अवसर पर छात्र यथार्थ कौस्तुभ जनईकर अपनी 'भूस्खलन का चौकीदार' प्रतिकृति के साथ, जिसे विशेष जूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी सफलता के लिए मार्गदर्शक सूरज महाजन को भी श्रेय दिया गया।

# गोवंश चोरी करने वाली गैंग पर पुलिस का शिकंजा



**अकोला.**

## > किसानों-गोपालकों में आक्रोश

पुलिस ने एक ही रात में दो स्थानों से गोवंश चोरी करने वाली शातिर गैंग को गिरफ्तार कर किसानों और गोपालकों को बड़ी राहत दी है। स्थानीय अपराध शाखा ने कार्रवाई करते हुए चार मुख्य आरोपियों और उनके तीन सहयोगियों को धर-दबोचा। उनके कब्जे से तीन सिडान कारें, ₹ 1.52 लाख नकद और तीन मोबाइल फोन सहित कुल ₹ 16.97 लाख का माल बरामद हुआ।

28 सितंबर की रात कौलखेड चौक और बाळापुर थाना क्षेत्र के व्याळा गाँव से चोरों ने सिडान कारों में गाएं भरकर फरार हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद अकोला शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत और आक्रोश फैल गया। पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक के निर्देश पर विशेष पथक गठित किया गया, जिसने तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर अजमेर (राजस्थान) तक आरोपी का पीछा किया।

मुक्ताईनगर बस स्टैंड पर जाल बिछाकर चार मुख्य आरोपियों — शेख रेहान शेख रशीद (22), मिर्ज़ा शोएब बेग (28), शेख समीर उर्फ मलंग (24) और अरबाज खाज (23) — को दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अकोला जिले में दर्ज 11 गोवंश चोरी के अपराधों की कबूली दी। बाद में उनके तीन सहयोगी जुरेश खान, शेख अयुब और शोएब खान को भी गिरफ्तार किया गया।

बरामद सामान में नकद ₹ 1,52,000, तीन मोबाइल फोन ₹ 45,000 और तीन सिडान कारें (स्विफ्ट डिज़ायर और दो होंडा अमेज़) शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत ₹ 16.97 लाख बताई जा रही है। इस गिरफ्तारी से गोवंश चोरी की वारदातों के सिलसिले में पुलिस की बड़ी कामयाबी दर्ज हुई है।

स्थानीय किसानों और गोपालकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की, लेकिन उन्होंने कहा कि गोवंश उनकी आजीविका और आस्था दोनों का केंद्र है।

उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों की मांग है कि सभी जिलों में गोवंश चोरी-रोधी विशेष दल गठित किए जाएं और किसानों-गोपालकों को सुरक्षा का ठोस भरोसा दिया जाए।

# सेवा पखवाड़ा के तहत प्रमाण पत्र वितरण शिविर आयोजित

### 33 अभिभावकों ने लिया लाभ, विद्यालय व प्रशासन की पहल की सराहना



**वर्धा.**

सरकारी "सेवा पंधरवाड़ा" अभियान के अंतर्गत इंदिरा हाईस्कूल एवं जूनियर कॉलेज, भानखेड़ा में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण नागरिकों के लिए निवासी, आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा प्रदान की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दीपक कदम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अभिभावक शिक्षक संघ सदस्य विलास सावरकर, तलाठी राउत मैडम, सेतु केंद्र के सचिन नाकाड़े, आचल भगत, सेवाग्राम अस्पताल की समाजसेविका शुभांगी पाटिल तथा वरिष्ठ शिक्षिका शिला वरभे उपस्थित थीं।

इस शिविर में कुल 33 अभिभावकों ने भाग लेकर अपने प्रमाण पत्र प्राप्त किए। सभी प्रमाण पत्र सरकारी निर्धारित दर ₹25 में उपलब्ध कराए गए। इस पहल से ग्रामीण नागरिकों को काफी सुविधा हुई और उन्होंने इस सेवा के लिए सरकार व विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। अभिभावकों ने यह भी अपेक्षा जताई कि इस प्रकार के शिविर हर वर्ष आयोजित किए जाएं।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावक-शिक्षक बैठक भी संपन्न हुई। शिक्षिका अपर्णा सोनकुसरे ने विद्यार्थियों को जीवन में माता-पिता की भागीदारी के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

प्रधानाचार्य दीपक कदम ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जैसे हर घर में देवघर होता है, वैसे ही हर घर में एक "अध्ययन कोना" भी होना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को केवल पढ़ने के लिए कहने के बजाय, उन्हें पढ़ाई के लाभ बताने चाहिए और मोबाइल के उपयोग में उन्हें उचित मार्गदर्शन देना चाहिए। कार्यक्रम का परिचय नरेंद्र गलांडे ने दिया, संचालन ज्योति सालंकार ने किया और आभार प्रदर्शन पवन आड़े ने किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में अतुल सोनटक्के, सुधीर सायंकर, विद्या उइके, मधुकर मोहिज सहित तेजश चौधरी, गौरव हरणे, पूजा सोनुले, चेतन बाभुलकर, रोहन बाभुलकर, यश गुरनुले, सोहम मते, कृषिकेश बाभुलकर, आराध्या बुरांडे, अनुष्का भगत, ईश्वरी चौधरी आदि विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

इस आयोजन ने न केवल सरकारी योजनाओं को गांव तक पहुँचाया बल्कि शिक्षा संस्थान और समाज के बीच सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# देवली में नाले पर अवैध सड़क निर्माण, नागरिकों में रोष

**देवली.**



शहर में सुविधाओं से वंचित कई लेआउट बड़े पैमाने पर देखे जा सकते हैं। सरकारी नियमों की अनदेखी कर निजी फायदे के लिए लेआउट बनाए जाते हैं। इसी कड़ी में देवली के लक्ष्मीनारायण नगर में एक लेआउट मालिक ने सरकारी नाले पर सड़क बना दी है।

फार्म सर्वे क्रमांक 185/3 में स्थित लक्ष्मीनारायण नगर के पास बहने वाला यह कच्चा नाला सोनेगांव रोड के किनारे खेतों और गांव के पानी को नदी तक पहुँचाता है। मानसून में यह नाला क्षेत्र के जल निकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

लेआउट मालिक ने अपने लेआउट को सुंदर और समतल बनाने के लिए नाले को भूमिगत कर सड़क बना दी। परिणामस्वरूप, मानसून के दौरान नाले का पानी बह नहीं पा रहा है और मुक्त बस्ती एवं आसपास के क्षेत्र जलभराव की समस्या से प्रभावित हो रहे हैं। बावजूद इसके नगर परिषद प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

नगर नियोजन विभाग से जब नाले पर सड़क बनाने की अनुमति के बारे में पूछा गया, तो कोई स्पष्ट जवाब देने को तैयार नहीं हुआ। इससे यह सवाल उठ रहा है कि नियमों की अनदेखी करते हुए लेआउट स्वीकृति किस अधिकारी ने दी।

क्षेत्र के नागरिकों ने नाले को पुनः खोलने और लेआउट मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। तहसीलदार समर्थ क्षीरसागर ने तलाठी और मंडल अधिकारियों को नाले के निर्माण की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# घुग्घुस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष भव्य पथ संचलन और शस्त्रपूजन के साथ मनाया गया

**घुग्घुस.**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में घुग्घूस नगर में रविवार को भव्य पथ संचलन एवं शस्त्रपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में देशभक्ति के जयघोष गूंज उठे और पूरा परिसर भगवा ध्वजों से सुसज्जित रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत संघ गीत और ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने अनुशासनबद्ध पंक्तियों में नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन किया। स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

मुख्य मंच पर आयोजित शस्त्रपूजन समारोह में चंद्रपूर विभाग के पर्यावरण संयोजक संजय दानेकर, खंड कार्यवाह प्रदीप चिताड़े मुख्य वक्ता रहे, जबकि समाजसेवक प्रेमलाल पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनेक समाजसेवक, डॉक्टर, पत्रकार, महिला एवं गणमान्य नागरिकों ने संघ के राष्ट्रनिर्माण कार्यों की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले एक शतक से भारतीय संस्कृति, एकता और आत्मनिर्भरता का संदेश दे रहा है।"

कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं के स्वयंसेवक, विद्यार्थी, अभिभावक तथा नगर के सैकड़ों नागरिकों की उत्साही उपस्थिति रही। समापन पर संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समारोप किया गया।

# शालेय पोषण आहार योजना की सब्सिडी जल्द देने की मांग

**वर्धा.** महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति ने सरकार से आग्रह किया है कि शालेय पोषण आहार योजना के लिए ईंधन, सब्ज़ियाँ और पूरक आहार की सब्सिडी जल्द से जल्द जारी की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रतिदिन मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें चावल, दाल, तेल, मसाले आदि शामिल हैं। यह भोजन रसोइयों द्वारा तैयार किया जाता है और सप्ताह में एक दिन अतिरिक्त भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि, स्कूलों को योजना के लिए कोई अग्रिम अनुदान नहीं दिया जाता और जून से कक्षा 1 से 5 के छात्रों के लिए प्रतिदिन 2.59 रुपये तथा कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए 3.88 रुपये की राशि अब तक नहीं मिली।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन मामले दर्ज

**गोंदिया.**

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई तीन घटनाओं में पुलिस ने ट्रक चालक, मारपीट करने वाले आरोपी और अज्ञात चोर के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पहली घटना तिरोड़ा थाना क्षेत्र की है। यहां कैनरा बैंक, तिरोड़ा के पास भंडारा जिले के कोथुरणा निवासी रितेश मधुकर गायधने (39) ने कथित रूप से गांजा के नशे में टिप्पर लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक और टिप्पर दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। जांच के दौरान चालक की जेब से गांजा का एक पैकेट भी बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस उपनिरीक्षक शुभम बालकृष्ण नष्टे (36) की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। जांच पुलिस उपनिरीक्षक प्रियंका बैस कर रही हैं।

दूसरी घटना भी तिरोड़ा थाना क्षेत्र के सतोना गांव की है। यहां ईशुलाल दुलीचंद बिसेन (62) सड़क किनारे बैठा था, तभी एक व्यक्ति ने उसे गाली देने का आरोप लगाते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गालीगलौज और मारपीट की, जिससे ईशुलाल घायल हो गया। इस मामले में पीड़ित के पुत्र लेखेंद्र ईशुलाल बिसेन (40) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जांच सहायक फौजदार तिरपुडे कर रहे हैं।

तीसरी घटना आमगांव थाना क्षेत्र की है। किडंगीपार निवासी रविकांत रुपलाल पाऊलझगडे (29) और उनकी मां के गांव से बाहर जाने के दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी से चांदी के सिक्के व नकद मिलाकर कुल 16,500 रुपये का माल चुरा लिया। इस संबंध में आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर हवलदार मन्यार को जांच सौंपी है। पुलिस तीनों मामलों की आगे जांच कर रही है।

# सामाजिक कार्यकर्ता प्रा. सविता बेदरकर नगराध्यक्ष पद के चुनाव में उतरेंगी

**गोंदिया.**



स्थानीय सिविल लाइन निवासी और जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता प्रा. सविता बेदरकर ने नगर परिषद के नगराध्यक्ष पद से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। प्रा. बेदरकर पिछले दो दशकों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और विशेष रूप से अनाथ बच्चों, पिछड़े वर्गों और महिलाओं के उत्थान के लिए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

उनके माध्यम से अब तक 150 से अधिक गरीब अनाथ बच्चों को खाद्यान्न सहायता प्रदान की गई है। कई ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने माता-पिता खो दिए थे, आज उनकी प्रेरणा से शिक्षित होकर सरकारी पदों पर कार्यरत हैं।

महिलाओं को स्वयं-सहायता समूह, रोजगार और कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रा. बेदरकर लगातार प्रयासरत हैं। वे एक उच्च शिक्षित और प्रभावशाली वक्ता हैं, जिन्हें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विभिन्न मंचों पर भाषण के लिए आमंत्रित किया जाता है।

उनके समाजसेवी कार्यों के लिए उन्हें अब तक सैकड़ों सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। प्रा. सविता बेदरकर कुणबी समाज से ताल्लुक रखती हैं और राजनीतिक क्षेत्र में एक सशक्त एवं जनप्रिय उम्मीदवार के रूप में उभर रही हैं।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शुरू की नप चुनाव की तैयारियां

**गोंदिया.**

नगर परिषद चुनाव को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संदर्भ में राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन, रेलटोली कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व विधायक राजेंद्र जैन और जिला अध्यक्ष प्रेमकुमार राहंगडाले सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि गोंदिया नगर परिषद चुनाव में पार्टी का लक्ष्य अधिक से अधिक पार्षद और नगराध्यक्ष को जिताकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व में गोंदिया शहर की पेयजल, अपशिष्ट प्रबंधन, बढ़ती यातायात, और खराब सड़कों जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जा सकता है।



जैन ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीति और विकास कार्यों को बताएं तथा शहर के विकास और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करें।

बैठक में राजलक्ष्मी तुरकर, देवेंद्रनाथ चौबे, विनोद हरिनखेड़े, अशोक सहारे, मोहन पटले, माधुरी नासरे, केतन तुरकर, साजन वाधवानी, चिराग पटेल, सतीश देशमुख सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राकांपा नेताओं ने भरोसा जताया कि जनता का समर्थन मिलते ही गोंदिया शहर में विकास की नई दिशा स्थापित की जाएगी।

# गांव में अवैध शराब रोकने गईं महिला पर हमला

**गोंदिया.**

गोंदिया जिले के तिरोड़ा थाने के तहत ग्राम सर्रा में गुरुवार शाम शराबबंदी समिति की महिला अध्यक्ष पर शराब विक्रेता और उसके परिवार ने हमला कर दिया। यह हमला उस समय हुआ जब समिति की महिलाएं गांव में अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए लोगों को समझा रही थीं।

जानकारी के अनुसार, शराबबंदी समिति की अध्यक्ष अरुणा सुनील उइके (48) के नेतृत्व में महिला सदस्य गांव में देवानंद भीमराव गोसे और उसके भाई मनोज भीमराव गोसे को अवैध शराब न बेचने की समझाइश दे रही थीं। इसी दौरान देवानंद, मनोज और उनके परिवार के अन्य सदस्य — संध्या, शालू, पलक, आस्था, वैष्णवी, पायल और प्रद्युम्न — ने अचानक लाठी, डंडों और चाकुओं से हमला कर दिया।

हमले में अरुणा उइके को गले, पीठ और बाएं घुटने पर चोटें आईं। वहीं, माया पटले, ज्योति गौतम और छन्नू कावरे भी घायल हुए। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। छन्नू कावरे और अरुणा के बेटे राहुल सुनील उइके (18) की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें आगे के इलाज के लिए गोंदिया भेजा गया है।

# गोंदिया जिले में शिक्षा संकट : 257 स्कूलों में केवल एक शिक्षक, 37 स्कूलों में कोई नहीं!

**गोंदिया.**



जिले में जिला परिषद के स्कूलों की हालत चिंताजनक हो गई है। शिक्षकों के तबादलों और नई भर्ती न होने के कारण अब 257 स्कूलों में केवल एक-एक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि 37 स्कूल पूरी तरह शिक्षकविहीन हो गए हैं। इस स्थिति ने छात्रों की शिक्षा पर गंभीर असर डाल दिया है.

राज्य सरकार की 'हर गांव में स्कूल' नीति के तहत गोंदिया जिले में सैकड़ों जिला परिषद स्कूल खोले गए। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इन स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को नहीं भरा गया है। परिणामस्वरूप, आज स्थिति यह है कि कई शिक्षक चार कक्षाओं को एक साथ पढ़ाने को मजबूर हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार, कक्षा 1 से 4 तक के कुल 257 स्कूलों में केवल एक-एक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि 37 स्कूलों में कोई शिक्षक नहीं है। अधिकांश ऐसे स्कूल दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों में हैं, जहां शिक्षा पहले से ही एक चुनौती रही है।

जिला परिषद के 611 शिक्षकों का हाल ही में तबादला किया गया है और उन्हें 17 अक्टूबर को पदमुक्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद ग्रामीण स्कूलों की स्थिति और भी कमजोर हो सकती है।

**कॉन्वेंट स्कूलों की ओर रुझान बढ़ा:** ग्रामीण अभिभावकों में अब अंग्रेजी माध्यम के कॉन्वेंट स्कूलों की ओर रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इसका असर जिला परिषद स्कूलों में नामांकन पर पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों की संख्या और प्रभाव दोनों घट रहे हैं।

गोंदिया जिले की शिक्षा व्यवस्था इस समय संकट के दौर से गुजर रही है। यदि रिक्त पद शीघ्र नहीं भरे गए, तो ग्रामीण और आदिवासी बच्चों की शिक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

# घुग्घुस नगर परिषद: सामान्य वर्ग पर अन्याय का आरोप

### ओबीसी और एससी को बराबरी का

**घुग्घुस.**




नगर परिषद के प्रभाग निहाय राजनीतिक आरक्षण की लॉटरी 8 अक्टूबर 2025 को बालाजी मंगल कार्यालय में संपन्न हुई। इस पर महिला जिला कांग्रेस उपाध्यक्षा यास्मिन सैय्यद ने सवाल उठाए हैं और सामान्य वर्ग पर जानबूझकर अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वे इस अन्याय के खिलाफ नगर परिषद के अधिकारियों को अदालत में घसीटने की तैयारी में हैं।

घुग्घूस शहर में कुल 11 प्रभाग हैं, प्रत्येक प्रभाग में दो सीटें, यानी कुल 22 नगरसेवक सीटें हैं। राज्य में ओबीसी के लिए 27%, एससी के लिए 13% और एसटी के लिए 7% या साढ़े सात प्रतिशत राजनीतिक आरक्षण है। लेकिन इस बार हुई आरक्षण लॉटरी में एससी और ओबीसी वर्ग को समान 6-6 सीटें आरक्षित की गई हैं। यानी 27% और 15% आरक्षण वाले वर्गों को समान सीटें आवंटित की गईं, जो सामान्य नागरिकों के समझ से परे है।

शहर में अनुसूचित जनजाति को एक सीट, जबकि सामान्य वर्ग को केवल 9 सीटें दी गई हैं। विशेष रूप से प्रभाग क्रमांक 10 और 11 में एससी और ओबीसी के लिए सभी चार सीटें आरक्षित कर दी गई हैं। सैय्यद ने कहा कि आरक्षण प्राप्त व्यक्ति को दो जगह से चुनाव लड़ने का मौका मिलता है, जबकि सामान्य वर्ग के लोग केवल एक मौका भी खो चुके हैं, जिससे सामान्य वर्ग की महिलाएं और पुरुष चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं।

**उन्होंने इस अन्याय पर सवाल उठाते हुए कहा:** ओबीसी और एससी को समान आरक्षण कैसे दिया गया? जब कुल आरक्षण सीमा 50% है, तो यह 60% से अधिक कैसे हो गया? यास्मिन सैय्यद ने सभी नागरिकों से जागरूक होने की अपील की और कहा कि वे सामान्य वर्ग पर हुए अन्याय के खिलाफ अंत तक लड़ेंगी।

# लद्दाख में जन आंदोलन के समर्थन में वर्धा से निकला शांति मार्च

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में जन-संगठनों की एकजुटता

**वर्धा.** लद्दाख के प्रसिद्ध शिक्षाविद् और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में वर्धा में एक शांतिपूर्ण शांति मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च "हम सोनम वांगचुक के साथ हैं" के नारे के साथ शिवाजी महाराज चौक से प्रारंभ होकर जमनालाल बजाज चौक पर संपन्न हुआ।
इस शांति मार्च में वर्धा के विभिन्न सामाजिक, श्रमिक, किसान और जन परिवर्तनवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में तख्तियां लेकर "लोकतंत्र अमर रहे", "असहमति अपराध नहीं", "सेव लद्दाख – सेव डेमोक्रेसी" जैसे नारे लगाए। गौरतलब है कि 27 सितंबर 2025 को सोनम वांगचुक को राजद्रोह और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। वह लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा देने और भारतीय संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग



को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे थे।
उनकी गिरफ्तारी के बाद देशभर में लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति के अधिकार को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है।
**सोनम वांगचुक: शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी:** सोनम वांगचुक ने लद्दाख में सीस्मोल (स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ़ लद्दाख) की स्थापना की है। वे सौर ऊर्जा, जल संरक्षण (आइस स्तूप), स्वदेशी भाषाओं और प्राकृतिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं। उन्हें रोलेक्स पुरस्कार, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार जैसे कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हैं।
**'अभिव्यक्ति का अधिकार देशद्रोह नहीं':** मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(a) प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। उनका कहना था: "सरकार की नीतियों से असहमति रखना देशद्रोह नहीं हो सकता। पर्यावरण, संविधान और स्वदेशी अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले को देशद्रोही कहना लोकतंत्र का अपमान है।"
इस शांति मार्च में अविनाश काकड़े, कॉ.यशवन्त झाड़े, हरीश इथापे, अतुल शर्मा, किरण ठाकरे, तुषार उमाले, मुकेश लुतडे, आकाश जयस्वाल, अशोक चोपड़े, किशोर वानखेड़े, प्रमोद भोमले, अशोक बंग, तारक काटे, राजकुमार मून, सुनील फरसोले, सुनील घिमे, महेंद्र मुनेश्वर, सुधीर पांगुल, विनेश काकड़े, प्रवीण भोयर, चंद्रकांत ढगे, गोपाल दुधाने, अभिजीत नाखले, विठ्ठल झाडे, संजय तिगावकर, सुचिता ठाकरे, दुर्गा काकड़े, पल्लवी बोधिले, पूजा जाधव, निरंजना मारू, सुषमा शर्मा, प्रभाकर पुसदकर, मीनल इथापे, संगीता इंगले, सुचिता इंगोले, राधिका मून, वंदना फरसोले, माधुरी झाडे, श्रेया गोडे, मालती देशमुख, कांचन पंधरे, विजया पावड़े, जयमाला गावंडे, खान मैडम, गौरी चांडक, भाग्यश्री उगले, तृप्ति कोकाटे, मुरलीधर बेलखोडे, नरेंद्र मसराम, चन्द्रशेखर मडावी, मंगेश शेंडे, भैय्या देशकर, गुणवंत डकरे, अनंतराव ठाकरे, योगेश घोगरे, सचिन ढगे, यशवन्त होले, हाशम शेख सर, चन्द्रशेखर दंडारे, पांडुरंग राऊत, सुनील ढाले, दिनेश प्रसाद, पंडित चव्हाले, शंकर भोयर, मोहम्मद जहांगीर, बालकृष्ण मावस्कर, संजय भगत आदि सहभागी हुए थे।
शांति मार्च के अंत में कार्यकर्ताओं ने कड़ी वैचारिक प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि, सोनम वांगचुक देशद्रोही नहीं हैं, वह संविधान और पर्यावरण में विश्वास रखने वाले नए भारत के प्रतीक हैं। हम उनकी रिहाई और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरे देश में आवाज उठाएंगे।

# आर्यन श्रीवास्तव ने जीता गोल्ड मैडल

## मदर टेरेसा कॉन्व्हेंट स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन


**नागपुर.** नागपुर के मानकापूर स्थित जिल्हा क्रीडा अधिकारी कार्यालय की ओर से हाल ही में कुराश स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अस्मिता उशू महिला लीग स्पर्धा का आयोजन अवंतिका क्रीडा संकुल, कोरडी में संपन्न हुआ। इन दोनों स्पर्धाओं में नागपुर के विविध स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मदर टेरेसा कॉन्व्हेंट स्कूल, बालाजी नगर पार्डी, नागपुर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉंझ मेडल अपने नाम किये। विजयी छात्रों के नाम व उपलब्धियां: आर्यन श्रीवास्तव




– अंडर 17, +73 किलो वर्ग, गोल्ड मैडल, नैतिक मिश्रा – अंडर 14, +55 किलो वर्ग, सिल्वर मैडल, अभिषेक पाल – अंडर 14, 30–35 किलो वर्ग, ब्रॉंझ मैडल, हर्षिता राखडे – अंडर 14, 24 किलो वर्ग के अंतर्गत, ब्रॉंझ मैडल. गोल्ड मैडल जीतने वाले आर्यन श्रीवास्तव का चयन आगामी विभागीय स्पर्धा के लिए किया गया है। उनकी यह सफलता न केवल स्कूल के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे नागपुर जिले के लिए प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल की संचालिका सारिका धवराल, रवींद्र धवराल, शीतल धवराल, मुख्याध्यापिका गायत्री उघाडे, शारीरिक शिक्षक चंद्रकांत तारेकर, अन्य शिक्षकगणों और अपने माता-पिता को दिया है।

# जबरन करवाया गया नाबालिग का विवाह

**नागपुर.** गणेशपेठ पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का जबरन विवाह कराने के आरोप में उसके माता-पिता, पति और सास-ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब गर्भवती नाबालिग को मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने पुलिस को सूचित किया। पूछताछ में पता चला कि जुलाई 2024 में लड़की की शादी जबरदस्ती कराई गई थी। पुलिस ने बलात्कार, पोक्सो एक्ट और बाल विवाह प्रतिबंधक कानून के तहत मामला दर्ज किया है।



## यादव ने की जल्द निर्माण की मांग

# रामकृष्ण ग्रीन टाउन में अधूरी सड़कें बनीं मुसीबत

**कामठी.** छावनी क्षेत्र कामठी की रामकृष्ण ग्रीन टाउन सोसायटी में अधूरी छोड़ी गई सड़कों ने निवासियों के लिए भारी परेशानी खड़ी कर दी है। छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव की ओर से छावनी अधिशाषी अधिकारी महेश वड्डे को एक ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द इन बची हुई सड़कों के निर्माण की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि सोसायटी के प्लॉट संख्या 20 (कैप्टन डी.एन. मिश्रा), प्लॉट संख्या 21 (मेजर हरिद्वार कुशवाह), प्लॉट संख्या 22 (सुशांत दास), प्लॉट



संख्या 23 (एम. अग्रवाल) और प्लॉट संख्या 24 (नरेंद्र मारकुटे) सहित कई अन्य निवासियों को मकान बनाने और रोजमर्रा के आवागमन में गंभीर असुविधा हो रही है। उनके प्लॉट के सामने की सड़क का काम अधूरा छोड़ दिया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है। सड़क न होने के कारण लोगों को आने-जाने के लिए रास्ते की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश यादव ने अधिशासी अधिकारी महेश वड्डे से अनुरोध किया है कि वे इस गंभीर समस्या पर ध्यान दें और सोसायटी में बची हुई सड़कों के निर्माण के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाएं। ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंग यादव के नेतृत्व में उपाध्यक्ष शोमेंश जेटली, बापी विश्वास, नरेंद्र मारकुटे, डीएन मिश्रा, मेजर कुशवाहा, सुशांत दास, एम अग्रवाल, मछिंद्र लोनकर, सुखनंदन चौधरी आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजूद रहें।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 889-5 | 248-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 479-0 | 127-0 |

# हिंगनघाट पंचायत समिति चुनाव का आरक्षण घोषित

**हिंगनघाट.** हिंगनघाट पंचायत समिति की सार्वत्रिक चुनाव 2025 के लिए आरक्षण की सोडत (लॉटरी) आज घोषित की गई। तहसील कार्यालय में आयोजित इस प्रक्रिया में कुल 14 निर्वाचन गणों (प्रभागों) में विभिन्न प्रवर्गों के अनुसार आरक्षण निश्चित किया गया है। यह आरक्षण राज्य शासन द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अंतिम प्रभाग रचना के अनुसार किया गया है। पंचायत समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य मागासवर्ग (ओबीसी) तथा खुला (सामान्य) प्रवर्ग सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिला है। साथ ही महिला उम्मीदवारों के लिए पर्याप्त जागा आरक्षित रखी गई है। निर्वाचन गणवार आरक्षण विवरण, क्रमांक निर्वाचन गण का नाम आरक्षण प्रवर्ग, 91- वाघोली अनुसूचित जाति (महिला). 92 - वणी अनुसूचित जनजाति (महिला). 93 -



सावली (वाघ) सामान्य (महिला). 94- नांदगांव (बो.) अन्य मागासवर्ग (ओबीसी). 95- शेकापुर (बाई) सामान्य. 96- बुरकोनी अनुसूचित जनजाति. 97 - अल्लीपुर अन्य मागासवर्ग (महिला). 98 - आर्वी (छोटी) सामान्य. 99 - कानगांव अनुसूचित जाति. 100 - खानगांव सामान्य (महिला). 101- वडनेर सामान्य. 102 - फुकटा सामान्य (महिला). 103- पोहणा अन्य मागासवर्ग (महिला). 104 - पिंपरी सामान्य, इस आरक्षण में कुल 7 सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित की गई हैं। सभी प्रवर्गों में महिला नेतृत्व को अवसर प्रदान किया गया है.

# आर.एस.टी. कैंसर हॉस्पिटल में तुकड़ोजी महाराज पुण्यतिथि एवं स्तन कैंसर सर्वाइवर मीट

**नागपुर.** आर.एस.टी. कैंसर हॉस्पिटल में श्रद्धा और उत्साह के साथ राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज पुण्यतिथितथा स्तन कैंसर सर्वाइवर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल परिसर में पोस्टर और प्लेकार्ड प्रदर्शन से हुई, जिसके माध्यम से तुकड़ोजी महाराज के उपदेशों और स्तन कैंसर जागरूकता का संदेश दिया गया। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। गुरुदेव सेवा मंडल के भक्तों ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। संयुक्त संचालक डॉ. हरीश केला ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में कैंसर रिलीफ सोसायटी के उपाध्यक्ष सुनील केदार, डॉ. गोविंद वर्मा (पूर्व डीन, एनकेपीएसआईएमएस), डॉ. विनय हजारे (पूर्व डीन, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय) तथा




आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजेश सावरबांधे उपस्थित थे। अतिथियों ने राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता और मानसिक शक्ति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सात स्तन कैंसर विजेताओं को उनके साहस और संघर्ष की सराहना में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी. के. शमनि किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रशांत सोमकुवरने किया। इस अवसर पर डॉ. कर्तार सिंह, डॉ. रश्मि राऊत, गुरुदेव सेवा मंडल के तायवाडे, डॉ. प्रफुल चहांदे, डॉ. शेफाली चौहान, डॉ. स्नेहल नाइक, डॉ. उत्कलिका बिस्वाल, डॉ. मोहता, डॉ. मयूर दैगवाने, डॉ. गोकुल कथले, डॉ. आशीष महीशकर, कैंसर रजिस्ट्री स्टाफ तथा एमएसबीईटीके विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम ने भक्ति और संवेदना का सुंदर संगम प्रस्तुत किया, जिसमें राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कैंसर विजेताओं के साहस और आशा का उत्सव मनाया गया।



निकाय चुनाव हर मंगलवार

# चुनावी चौपाल में सियासी दंगल



प्रस्तुति : सौमित्र कल्याणी बैकुंथनाक नंदी, उपसंपादक, 9881272088, 9604758944

## जल्द पूरा करें प्रभाग रचना, राज्य चुनाव आयोग का निर्देश; जल्द होंगा नगर परिषद चुनाव

# कामठी नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव: युवाओं ने डॉ. अभिषेक चिमणकर से उम्मीदवारी की मांग की तेज़



कामठी नगर परिषद के आगामी चुनाव से पहले, स्थानीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। शहर के युवा वर्ग ने जाने-माने शिक्षक और समाजसेवी डॉ. अभिषेक चिमणकर से पुरजोर मांग की है कि वह अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल करें। युवाओं का मानना है कि डॉ. अभिषेक चिमणकर में वह दूरदर्शी नेतृत्व की क्षमता है जो कामठी के समग्र विकास को नई दिशा दे सकती है।

डॉ. अभिषेक अभिषेक चिमणकर की छवि वर्षों से शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में युवाओं को संगठित करने वाले एक प्रेरणास्रोत की रही है। उनकी लोकप्रियता और समाज में उनकी स्पष्ट पहचान को देखते हुए यह मांग अब एक बड़े जनसमर्थन में बदल रही है।
डॉ. चिमणकर की राजनीतिक विचारधारा बेहद साफ है, जिसका मूल मंत्र है 'बिना भेदभाव, सबका साथ, सबका विकास' और 'हर धर्म, हर जाति, हर वर्ग का सम्मान'। उनका स्पष्ट मत है कि नेतृत्व सत्ता का नहीं, सेवा और परिवर्तन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कामठी का युवा वर्ग अब जागरूक है और ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो उनके साथ खड़ा हो, उनकी आवाज़ बने और उनके सपनों को साकार करे।

डॉ. अभिषेक चिमणकर हमेशा से ही शिक्षा, रोज़गार, स्वच्छता, विकास और सामाजिक एकता जैसे जनता के मौलिक मुद्दों को प्राथमिकता देते रहे हैं। उनके नेतृत्व ने कामठी और आस-पास के क्षेत्रों में सर्वधर्म समभाव, एकता और भाईचारे की भावना को मज़बूत किया है। युवाओं का यह उत्साह और डॉ. अभिषेक चिमणकर को आगे लाने की चाहत, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस बार कामठी नगर परिषद के चुनाव में बदलाव की एक मजबूत लहर देखने को मिल सकती है।

डॉ. अभिषेक चिमणकर के बढ़ते जनसमर्थन और युवाओं के दबाव को देखते हुए, ऐसी ख़बरें हैं कि कई राजनीतिक दलों ने उनसे संपर्क साधा है। हालांकि, डॉ. अभिषेक चिमणकर का रुख स्पष्ट है कि उनका लक्ष्य किसी पार्टी की राजनीति नहीं, बल्कि सिर्फ़ और सिर्फ़ कामठी के विकास की राजनीति है। क्या डॉ. अभिषेक चिमणकर युवाओं के इस आह्वान को स्वीकार करते हुए कामठी नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश करेंगे? यह देखना बाकी है। उनकी उम्मीदवारी शहर के चुनावी परिदृश्य को निश्चित रूप से बदल सकती है।

# कामठी नप अध्यक्ष चुनाव तेजस से लड़ेंगे एम.ए.जब्बार, जनसंपर्क अभियान शुरू



कामठी : आगामी नगर परिषद चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में, सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाने वाली तेजस बहुउद्देशीय संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार ने कामठी नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए पूर्व पार्षद एम. ए. जब्बार को अपना उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है।

चंद्रशेखर अरगुलेवार का कहना है कि जहां चुनाव के समय ही जनता की याद आने वाले लोगों पर समाचारों में चर्चा हो रही है, वहीं तेजस संस्था पिछले 8 वर्षों से निरंतर समाज सेवा के कार्यों में लगी हुई है। इन कार्यों में निःशुल्क सर्वधर्मीय सामूहिक विवाह, हर माह जरूरतमंदों को अन्न वितरण, छात्रों को कपड़े, किताबें, स्कूल यूनिफॉर्म और जूते जैसी सामग्री, तथा गरीबों को हर साल कंबल और वस्त्र वितरण जैसे अनेक कार्य शामिल हैं। तेजस संस्था के एजेंडे में कामठी के युवाओं के लिए ट्रेनिंग सेंटर, हर सरकारी भर्ती में कामठी के 100 युवाओं को नौकरी दिलाना, खेल मैदान विकसित करना, सरकारी स्कूलों को मजबूत करना और कामठी में एक वृद्धाश्रम की स्थापना करना शामिल है। संस्था हर प्रभाग में अपने प्रत्याशी उतारेगी और नगर अध्यक्ष पद के लिए पूर्व पार्षद एम.ए. जब्बार पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि एम. ए. जब्बार, जो कि विदर्भ गोल्डन न्यूज़ पेपर के संपादक भी हैं, 1992 से 1997 तक नगर पार्षद रह चुके हैं और उन्हें प्रशासनिक मामलों का अच्छा अनुभव है। उनका मानना है कि 1987 से लेकर 2025 तक शहर की मूलभूत समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। एम.ए. जब्बार ने जनता से आशीर्वाद की अपील की है। उनके समर्थन में अधिवक्ता मनोज सत्य नारायण शर्मा, अधिवक्ता आकाश सफेलकर, सुनील ठाकुर, बाबू बैस, अरुण कड़बे, आनंद मेश्राम, शशिकांत रामटेके, मिजवां रहमान, नवाब भाई इलेक्ट्रिक वाले, अब्दुल कयूम, सहित संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार ने अपना समर्थन जाहिर किया है।

# आप ने रुबीना अंसारी को बनाया नप प्रभाग क्र 2 से उम्मीदवार

## शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ प्रशासन पर लड़ेगी चुनाव

आम आदमी पार्टी (आप) ने कामठी नगर परिषद चुनाव के लिए अपनी चुनावी मुहिम तेज कर दी है। नागपुर जिला संगठन मंत्री शौकत अली बागवान ने प्रभाग नंबर 2 से ओबीसी महिला सीट पर जनता की राय के आधार पर सुश्री रुबीना अंसारी को उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी जल्द ही ओपन श्रेणी से भी एक अन्य मजबूत प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। शौकत अली बागवान ने स्पष्ट किया है कि यह चुनाव जाति या धर्म पर नहीं, बल्कि 'शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ प्रशासन और समान विकास' के मुख्य वादों पर आधारित मेनिफेस्टो (घोषणापत्र) पर लड़ा जाएगा। स्वयं नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे शौकत अली बागवान ने कहा कि कामठी की जनता अब झूठे वादों के बजाय नेताओं को उनके काम के हिसाब से चुनेगी। पार्टी का लक्ष्य 'कामठी बदलेगी, जनता जीतेगी' है, जिसके लिए आप ने दिल्ली मॉडल की तर्ज़ पर मूलभूत सुविधाओं और पारदर्शी प्रशासन को अपने एजेंडे में सबसे ऊपर रखा है।



आप के कामठी मेनिफेस्टो में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में, सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाने, हर वार्ड में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब और गरीब बच्चों को निशुल्क सामग्री देने का वादा किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 'मोहल्ला क्लीनिक' की शुरुआत, हर वार्ड में महिलाओं और बच्चों के लिए मुफ्त हेल्थ चेकअप और नगर परिषद अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है। मूलभूत सुविधाओं में शुद्ध पानी, सीवेज सुधार, सड़कों की मरम्मत और डोर-टू-डोर कचरा संग्रह पर ध्यान केंद्रित किया गया है। घोषणापत्र का सबसे अहम हिस्सा 'पारदर्शी प्रशासन' है, जिसके तहत भ्रष्टाचार मुक्त नगर परिषद बनाने, हर खर्च का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने और जनता की भागीदारी से बजट तय करने की व्यवस्था लागू करने का वादा किया गया है। पार्टी ने युवाओं के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड और स्किल डेवलपमेंट सेंटर तथा महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सशक्तिकरण का भी संकल्प लिया है।

# समाजसेविका मोहसिना तबस्सुम मोहसिन अख़्तर ने नगर परिषद चुनाव में ठोकी ताल



शिक्षित समाजसेविका मोहसिना तबस्सुम मोहसिन अख़्तर ने आगामी नगर परिषद चुनाव में उतरने का फैसला कर लिया है। उन्होंने प्रभाग क्रमांक 10 से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने का मन बनाया है। उनकी शिक्षा और सामाजिक पृष्ठभूमि उन्हें इस चुनावी मैदान में एक मज़बूत दावेदार बनाती है।

बैचलर ऑफ सोशल वर्क (बी.एस.डब्लू) और मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस.डब्लू) जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुकी मोहसिना तबस्सुम का कहना है कि अगर वह चुनाव जीतती हैं, तो उनकी पहली प्राथमिकता लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से संघर्ष करना और उनका निवारण सुनिश्चित करना होगी। यह दर्शाता है कि वह जनता के मुद्दों को गंभीरता से लेती हैं और उन्हें हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि मोहसिना तबस्सुम सामाजिक संगठन 'कोशिश फाउंडेशन' के अध्यक्ष मोहसिन अख़्तर की धर्मपत्नी हैं। मोहसिन अख़्तर स्वयं भी इस फाउंडेशन के माध्यम से लंबे समय से लोकसेवा के कार्यों में सक्रिय रहे हैं, जिसका अनुभव और सामाजिक जुड़ाव मोहसिना के चुनाव अभियान को भी बल दे सकता है। प्रभाग क्रमांक 10 के मतदाताओं के लिए, एक पढ़ी-लिखी और समस्याओं को हल करने की स्पष्ट मंशा रखने वाली उम्मीदवार का सामने आना एक महत्वपूर्ण विकल्प साबित हो सकता है।

# नप चुनाव प्रभाग 16 से ज्योति उदय नागदेवे (रिपाई-गवई गुट) मैदान में, 'जनसमस्याओं के समाधान' का वादा

आगामी नगर परिषद चुनावों को लेकर शहर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (रिपाई), गवई गुट ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर ने कामठी शहर महिला अध्यक्ष सौ. ज्योति उदय नागदेवे को प्रभाग क्रमांक 16 से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सौ ज्योति नागदेवे ने विधिवत चुनाव लड़ने का फैसला लेते हुए, अपने प्रभाग की जनता के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।
नागदेवे ने मीडिया को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि उनका चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य प्रभाग की जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना है। उन्होंने कहा, 'वार्ड के लोगों ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उसे मैं व्यर्थ नहीं जाने दूँगी। चुनाव जीतने के बाद, सीवेज, पानी, सड़क और स्वच्छता जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण प्रयास किया जाएगा।' उन्होंने यह भी बताया कि वह केवल समस्याओं के समाधान तक ही सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि रचनात्मक कार्यों पर भी जोर देंगी। सौ ज्योति नागदेवे ने कहा, 'वार्ड के विकास और बेहतरी के लिए स्थानीय निवासियों के साथ निरंतर जनसंपर्क किया जाएगा। सभी के सुझावों को शामिल कर, प्रभाग के लिए एक सकारात्मक और विकासोन्मुख योजना तैयार की जाएगी।' रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई गुट) की उम्मीदवार ज्योति उदय नागदेवे का यह फैसला प्रभाग 16 में चुनावी मुकाबले को रोचक बना सकता है। उनका फोकस 'जनसेवा' और 'रचनात्मक विकास' पर होने से, अब देखना यह होगा कि प्रभाग की जनता उन्हें कितना समर्थन देती है।

